**-:प्रेस नोट:-**

**दिनांक- 31.05.2026**

**कार्यालय पुलिस अधीक्षक बांदा**

- **थाना तिंदवारी पुलिस द्वारा ट्रकों आदि से डीजल चोरी करने वाले अंतरजनपदीय गिरोह के 02 सदस्यों को किया गया गिरफ्तार। अभियुक्तों के कब्जे से 200 लीटर चोरी के डीजल व घटना में प्रयुक्त 02 चारपहिया वाहन आदि सहित अवैध तमंचा कारतूस बरामद।**
- **अभियुक्तों द्वारा बांदा व आसपास के जनपदों में चारपहिया वाहनों में फर्जी नम्बर प्लेट लगाकर रात्रि के समय एकांत में खड़े वाहनों से डीजल चोरी की घटनाओं को देते थे अंजाम।**

**विवरण-** पुलिस अधीक्षक बांदा श्री पलाश बंसल के कुशल निर्देशन में जनपद में अपराध एवं अपराधियों पर नियंत्रण लगाये जाने तथा वांछित अभियुक्तों की गिरफ्तारी हेतु की जा रही कार्यवाही के क्रम में थाना तिंदवारी पुलिस द्वारा रात्रि के समय एकांत में खड़े चारपहिया वाहनों ट्रकों आदि से डीजल चोरी करने वाले अंतरजनपदीय गिरोह के 02 सदस्यों को गिरफ्तार कर लिया गया है। गौरतलब हो कि दिनांक 30/31.05.2026 की रात्रि को थाना तिंदवारी पुलिस को गश्त एवं चेकिंग के दौरान सूचना प्राप्त हुई कि दो संदिग्ध व्यक्ति अलग-अलग चारपहिया वाहनों से बांदा की तरफ जा रहे है जो एकांत में खड़े ट्रको आदि से डीजल चोरी करते है। सूचना पर तत्काल पुलिस द्वारा बैरियर लगाकर वाहनों की चेकिंग शुरु की गई। इसी दौरान दो चारपहिया वाहन पुलिस की चेकिंग को देखकर गाड़ी मोड़कर भागने का प्रयास करने लगे जिसे पुलिस द्वारा घेराबन्दी करते हुए मुंगुस नहर पुलिस के पास पकड़ लिया गया। पकड़े गए व्यक्तियों से नाम पता पूछते हुए तलाशी ली गई तो गाड़ी के अन्दर से 06 प्लास्टिक जेरिकेन(पिपिया) में भरी करीब 200 डीजल, 02 खाली जेरिकेन (पिपिया), हरे रंग की पाइप व गाड़ियों के नम्बर प्लेट आदि सहित नकद रुपए बरामद हुए तथा अभियुक्त राजेश पुत्र प्रहलाद की तलाशी के दौरान एक अवैध तमंचा व कारतूस भी बरामद हुए। पुलिस द्वारा कड़ाई से पूछताछ करने पर अभियुक्तों द्वारा बताया गया कि वे दोनों अपने अन्य साथियों के साथ मिलकर बांदा व आस-पास जनपदों में घूम-घूमकर एकांत में खड़े ट्रकों आदि से डीजल चोरी करते है और फिर उसे दूसरे ट्रकों के चालको बातचीत कर उनको सस्ते दामों पर बेच देते है। तथा कुछ डीजल को वे लोग घर में ले जाकर भी बेचते है। तलाशी के दौरान जो रुपए बरामद हुए है वह भी डीजल चोरी की बिक्री के है। साथ ही बताया कि वे सभी इसी चारपहिया वाहनों पर नम्बर प्लेट बदलकर रात में एकांत में खड़े ट्रको आदि से डीजल चोरी करते है जिससे की सीसीटीवी कैमरों से बचे रहे। पुलिस द्वारा दोनों अभियुक्तों को गिरफ्तार कर थाना तिंदवारी में सुसंगत धाराओं में अभियोग पंजीकृत किया गया। पुलिस द्वारा इस सम्बन्ध में गनहता से जांच की जा रही है कि इनके गिरोह में और कितने लोग शामिल है तथा इनके द्वारा और किन-किन जनपदों/स्थानों पर इस तरह की घटनाओं को अंजाम दिया गया है।

**बरामदगी-**

- 200 लीटर डीजल (चोरी के )
- 02 चारपहिया वाहन-1 स्कार्पियो व 1-इनोवा क्रिस्टा (डीजल चोरी/परिवहन में प्रयुक्त)
- 2300 रुपए नकद (चोरी के डीजल बिक्री से प्राप्त)
- 02 कूटरचित नम्बर प्लेट

- 03 पाइप (डीजल निकालने में प्रयुक्त)
- 01 अवैध तमंचा
- 02 जिंदा कारतूस

**गिरफ्तार अभियुक्त-**

1. सौरभ कुमार पुत्र देवराज निवासी रामपुर कुर्मी थाना चांदपुर जनपद फतेहपुर।
2. राजेश पुत्र प्रहलाद निवासी हृदयखेड़ा थाना नरवल जनपद कानपुर नगर।

**पंजीकृत अभियोग-**

1. मु0अ0सं0- 104/26 धारा 303(2)/317(2)319(2)/318(4)/338/336(3)/340(2) बीएनएस थाना तिंदवारी जनपद बांदा।
2. मु0अ0सं0- 105/26 धारा 303(2)/317(2)319(2)/318(4)/338/336(3)/340(2) बीएनएस थाना तिंदवारी जनपद बांदा।
3. मु0अ0सं0- 112/26 धारा 3/25 आर्म्स एक्ट थाना तिंदवारी जनपद बांदा।
4. मु0अ0सं0 233/26 धारा 303(2) बीएनएस थाना बिसंडा जनपद बांदा।
5. मु0अ0सं0 258/26 धारा 303(2) बीएनएस थाना कोतवाली नगर जनपद बांदा।

**आपराधिक इतिहास अभियुक्त राजेश उपर्युक्त-**

1. मु0अ0सं0 33/2017 धारा 5/25 आयुध अधिनियम थाना नरवल जनपद कानपुर नगर।
2. मु0अ0सं0 566/18 धारा 41/411 भादवि0 थाना महराजपुर जनपद कानपुर नगर।
3. मु0अ0सं0 489/2022 धारा 379,411,420,465,467,468,471 भादवि0 थाना घाटमपुर जनपद कानपुर नगर।
4. मु0अ0सं0 205/2022 धारा 323, 427, 504, 506 भादवि0 थाना साढ़ जनपद कानपुर नगर।
5. मु0अ0सं0 225/2024 धारा 111,309(6),317(2) बीएनएस थाना आसीवन जनपद उन्नाव।
6. मु0अ0सं0 0047/2025 धारा 3(1) उ0प्र0 गिरोहबंद समाज विरोधी क्रियाकलाप निवारण अधिनियम 1986 थाना आसीवन जनपद उन्नाव।

**गिरफ्तारी करने वाली टीम-**

1. श्री संदीप कुमार थानाध्यक्ष तिंदवारी
2. व0उ0नि0 श्री सुभाष चन्द्र वर्मा
3. म0उ0नि0 सुश्री सृष्टि नगाईच चौकी प्रभारी कुरसेजा
4. उ0नि0 श्री फूलचन्द्र
5. उ0नि0 श्री धर्म सिंह
6. हे0कां0 योगेन्द्र सिंह
7. कां0 शमशेर बहादुर
8. म0कां0 ज्योति शुक्ला
9. कां0 महेन्द्र प्रताप
10. कां0 शिवजीत सिंह
11. रि0कां0 शैलेश यादव